an>

Title: Need to provide financial aid to extend the services of Ranchi Institutes of Medical Sciences in Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : सभापति महोदय, झारखंड में एम्स की स्थापना के स्थान पर राँची इंस्टीट्यूट्स ऑफ मेडिकल साइंस (RIMS) का विस्तार करने के लिए केन्द्र सरकार से विशेष राशि का आवंटन किया गया था। परन्तु झारखंड में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में विशेषज्ञ विभागों की स्थापना नहीं की गई है, जिसके कारण झारखंड के मरीजों को ईलाज कराने के लिए अन्य राज्यों में जाना पड़ता है। आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन है कि मेडिकल कॉलेज में उसी कैडर के चिकित्सक की व्यवस्था कराई जाए और सरकार से यह भी आग्रह है कि आदिवासी बहुल इस राज्य में मातृ चिकित्सकों के कारण एम्स की स्थापना नहीं हो पा रही है। आप से निवेदन है कि एम्स की स्थापना की जाए।